हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# शहर में तीन घंटे रहेंगे उपराष्ट्रपति, अस्पताल के उद्घाटन और लखपति दीदी सम्मेलन में होंगे शामिल, आईजी-डीआईजी समेत 800 कर्मी संभालेंगे सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अपने एक दिवसीय दौरे के तहत आज राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। दोपहर डेढ़ बजे शहर पहुंचने के बाद वे अगले करीबन तीन घंटे शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिनमें उदयाचल अस्पताल के उद्घाटन से लेकर स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल है। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए आज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल रमन डेका, सीएम विष्णुदेव साय सहित विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी शामिल होंगे।

इधर उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है, जहां सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए आईजी, डीआईजी रैंक के अफसरों के साथ ही चार एसपी रैंक के अफसरों को तैनात किया गया है। वहीं आठ सौ जवान पूरे शहर में सुरक्षा संभालते नजर आएंगे। सभी छह विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ता राजनांदगांव पहुंचेंगे। जिलेभर से लखपति दीदी योजना में शामिल महिलाएं भी आयोजन स्थल आएगी।







### कई जिलों से आई फोर्स

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश शासन ने उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए करीबन छह जिलों से बल को राजनांदगांव भेजा है। इनमें आईजी, डीआईजी, चार एसपी, आधा दर्जन एएसपी रैंक के साथ ही दर्जनभर निरीक्षक पद के अफसर शामिल हैं। इसके अलावा छह सौ पुलिस जवानों की तैनाती भी सुरक्षा के मद्देनजर की गई है। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस बल भी सुरक्षा में लगाए जाएंगे। कई रुट को भी डायवर्ट कर दिया गया है।

### विस अध्यक्ष हाउस भी जाएंगे उपराष्ट्रपति

अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शहर स्थित विधानसभा स्पीकर हाउस भी जाएंगे। उनके दौरे कार्यक्रम के तहत वे दोपहर 1.10 बजे पीटीएस ग्राऊंड पहुंचेंगे। दोपहर 1.30 बजे स्पीकर हाऊस पहुंचेंगे और दोपहर 2 बजे तक वहां ठहरेंगे। दोपहर 2.10 बजे उदयाचल मल्टी स्पेशलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.35 बजे स्टेट स्कूल मैदान पहुंचेंगे और दोपहर लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति दोपहर 3.55 बजे हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शहर के भीतर भारी, मध्यम वाहनों पर प्रवेश प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** शहर में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के प्रवास को देखते हुए 5 नवंबर के लिए पुलिस ने यातायात के सुगम संचालन हेतु एडवायजरी जारी की है। जिसके तहत सुबह 7 से शाम 7 बजे तक शहर के भीतर भारी एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। 5 नवंबर को उपराष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष का जिला राजनांदगांव प्रवास के दौरान उदयाचल अस्पताल एवं स्टेट स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम में अत्याधिक संख्या में लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान शहर के भीतर भारी वाहनों एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश पूर्णः प्रतिबंधित रहेगा। आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी 5 नवंबर को प्रातः 7 से शाम 7 बजे तक के लिए जारी किया गया है। जिसमें बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को हल्दी तिराहा से, खैरागढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी पासधारी वीआईपी एवं मीडिया का प्रवेश गेट नं. 2 खैरागढ़ रोड स्टेट स्कूल से होगा एवं वाहनों का पार्किंग म्युनिसिपल स्कूल पार्किंग नंबर 1, नगर निगम पार्किंग नं. 2, दिग्विजय क्लब पार्किंग नं. 3 एवं महारानी स्कूल पार्किंग नं. 4 में होगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी आम जनता एवं लखपति दीदी के वाहनों का प्रवेश अम्बेडकर चौक से प्यारेलाल चौक होते हुए सिविल लाइन स्थित जाली खाता पार्किंग नं. 6, बीएनसी मिल मैदान पार्किंग नं. 7, 8 मंदिर के सामने पार्किंग नं. 9, एनपीपीएस स्कूल के सामने पार्किंग नं. 10 बस हेतु, एबीस पार्किंग नं. 11, पार्किंग नं. 12, तहसील कार्यालय पार्किंग नं. 13 में सभी वाहनों का पार्किंग होगा।

⏩ शेष पेज 15 पर

## कांग्रेस ने एफआईआर की रखी मांग, प्रभारी ने कहा: मुझे नहीं कोई सूचना

# मोहारा जल संयंत्र के प्रतिबंधित क्षेत्र में निगम के ठेकेदारों की पार्टी, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहरा स्थित जल शोधन संयंत्र में ठेकेदारों द्वारा बिना अनुमति पार्टी किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यहां ठेकेदार दीपावली मिलन समारोह मना रहे थे। इस दौरान साउंड बॉक्स के जरिये गाने बजाकर जोर-शोर से पार्टी चल रही थी। मोहरा फिल्टर प्लांट प्रतिबंधित क्षेत्र है। यहां पर बिना अनुमति प्रवेश भी वर्जित है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में नगर निगम क्षेत्र के ठेकेदार यहां पार्टी करने पहुंच गए।

बीते लगभग एक माह से शहर के वार्ड नंबर 42 और 43 में गंदा पानी आने के चलते पीलिया, डायरिया फैला हुआ है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। एक तरफ कांग्रेस के लोग जल संयंत्र के बाहर शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल मिले, इसके लिए प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा जल संयंत्र परिसर के भीतर पार्टी मनाई जा रही थी।





### कंपनी के खिलाफ एफआईआर की मांग

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि शहर के कई वार्ड में गंदा पानी आ रहा है। तेजस कंपनी द्वारा इससे पहले भी एलम खत्म होने से जलापूर्ति बाधित कर दी गई थी। कंपनी एग्रीमेंट के बाद भी काम छोड़कर भाग गई है। इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### परिसर के भीतर लगाया टेंट

मोहरा फिल्टर प्लांट परिसर में ठेकेदारों द्वारा बकायदा टेंट लगाया गया। खाने की टेबल सजाई गई। कुर्सियां लगाई गई और साउंड बॉक्स के माध्यम से गाने भी बजाए जाते रहे। एक तरफ ठेकेदार अपनी मस्ती में चूर रहे। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के लोग गेट के बाहर बैठकर शुद्ध पानी के लिए संघर्ष करते रहे।

### कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग

मोहरा फिल्टर प्लांट प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। यहां पर किसी भी प्रकार की पार्टी की इजाजत ठेकेदारों द्वारा नहीं ली गई। इस मामले में कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी और नेता प्रतिपक्ष नगर निगम संतोष पिल्ले ने कहा कि ठेकेदार बिना परमिशन इस प्रतिबंध जगह पर पार्टी कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के लोगों को यहां आकर प्रदर्शन करने से भी रोका गया। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### आयुक्त को दी रिपोर्ट

इस मामले में मुझे जानकारी नहीं थी। पार्टी के लिए कोई परमिशन नहीं लिया गया है। मैं आकर देखा तो ठेकेदारों द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम किया जा रहा था। यह क्षेत्र प्रतिबंधित घोषित है, कार्रवाई के लिए निगम आयुक्त को अवगत कराया गया है।

**- प्रणय मेश्राम**
सहायक अभियंता

### पेयजल को लेकर पुतला दहन

**राजनांदगांव।** शहर के बसंतपुर क्षेत्र में पीलिया, डायरिया फैलने के मामले और अमृत मिशन के तहत कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा शहर में बिना एलम पानी सप्लाई करने, फिल्टर टैंक की सफाई नहीं करने से शहर में गंदे पानी आने के मामले को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कांग्रेस पार्षद दल ने आक्रोश जाहिर किया। वहीं फिल्टर प्लांट का काम बंद करने वाले ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने फिल्टर प्लांट के बाहर गेट पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं उन्होंने इस मामले में नगर निगम महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का पुतला जलाया। शहर के कुछ वार्ड में गंदा पानी आने की वजह से फैली बीमारी के मामले में कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि शहर के लोगों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। ठेकेदार तेजस कंपनी यहां से भाग गई है। जिसके खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। पानी टेस्टिंग लैब भी बंद है। जिसकी वजह से बीमारियां फैल रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का पुतला, इसलिए दहन किया गया, क्योंकि वह राजधानी में बैठकर यहां का निगम चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक साफ पानी जनता को नहीं सप्लाई होगी, कांग्रेस लगातार आंदोलन करती रहेगी।

## करवारी केसः पिछले सात महीनों से फरार

# फरार 7 आरोपियों पर 5 हजार का इनाम, इनमें एमपी के चार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- मुख्य आरोपी को पकड़ने दर्जनभर से अधिक बार पुलिस टीम दे चुकी मध्यप्रदेश में दबिश

करीबन छह महीने पहले जिले के डोंगरगढ़ स्थित करवारी में शराब की अवैध तरीके से बॉटलिंग केस में अब फरार आरोपियों पर इनाम तय कर दिए गए हैं। कई दफा दस्तक देने के बाद भी इन आरोपियों के नहीं मिलने के बाद जिला पुलिस ने यह एक्शन लिया है। जिन सात आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है, उनमें मध्यप्रदेश के चार, महाराष्ट्र का एक और जिले के दो आरोपी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 29 मार्च 2025 को मुखबीर की सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस ने करवारी स्थित सोनू नेताम के फार्म हाउस में छापामार कार्रवाई की थी। उस दौरान फार्म हाउस से एमपी की सील लगी हुई 350 पेटी गोवा शराब लगभग 3150 लीटर शराब, महाराष्ट्र निर्मित 14 पेटी लगभग 126 लीटर शराब को जब्त किया गया था। एमपी की सील लगी हुई स्पेशल व्हीस्की 48 पेटी शराब कुल 27 लाख रुपए कीमत की लगभग 432 लीटर को जब्त किया गया था। मौके से छत्तीसगढ़-प्रदेश की शराब में लगने वाली नकली होलोग्राम और स्टीकर भी जब्त किया गया था। अब तक इस मामले में लगभग डेढ़ दर्जन लोग गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं, लेकिन कई आरोपी अब तक फरार थे, जिनको पकड़ने के लिए अब पुलिस ने इनाम की घोषणा कर दी है।




### इन आरोपियों के नाम शामिल

जिन आरोपियों पर इनाम की घोषणा की गई है, उनमें दीपक निर्मलकर निवासी डोंगरगढ़, चुम्मन साहू निवासी चौतुखपुरी डोंगरगढ़, महेश मनोहर हीरानांदनी निवासी महाराष्ट्र, महेश महेश्वरी निवासी इंदौर मध्यप्रदेश, नीलू ठाकुर निवासी इंदौर मध्यप्रदेश, महेश गुप्ता निवासी इंदौर मध्यप्रदेश और मोनू शर्मा निवासी ग्वालियर मध्यप्रदेश शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ करीब दो सप्ताह पहले ही इनाम की घोषणा तत्कालीन टीआई के प्रयास से तत्कालीन एसपी मोहित गर्ग ने की थी।

### निराश ही लौटी टीम

ऐसा नहीं है कि इंदौर और महाराष्ट्र में रहने वाले आरोपियों की धड़पकड़ के लिए टीम नहीं भेजी गई हो। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक आधा दर्जन से अधिक बार पुलिस की टीम आरोपियों के ठिकानों में भेजी जा चुकी है, लेकिन हर बार पुलिस टीम को निराश होकर ही लौटना पड़ा। यही कारण है कि अब इनाम की घोषणा कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### गजल एवं भजन के गीतों से सजी राज्योत्सव की शाम

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर म्युनिसिपल स्कूल मैदान राजनांदगांव में राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। राज्योत्सव के द्वितीय दिवस सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं का मनमोह लिया। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभंजय चतुर्वेदी ने अच्युतं केशवं कृष्ण दामोदरं..., राम सिया राम जय जय राम... जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। प्रभंजय चतुर्वेदी की सुमधुर भजनों को सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए।

### माय एंगल




# मोहारा मेला शुरू, कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में दीपदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परंपरागत ढंग से आयोजित किए जाने वाला मोहारा मेला आज से प्रारंभ हो चुका है। तीन दिवसीय चलने वाले इस मेले में कल पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवनाथ नदी पहुंचकर दीपदान कर पूजा-अर्चना करेंगे। तत्पश्चात मेले का आनंद उठाएंगे।

मोहारा मेला आज 4 नवंबर से प्रारंभ चुका है। पहले ही दिन मेला स्थल पर सुबह से देर शाम तक लोगों की उपस्थिति रही। कल 5 एवं 6 नवंबर को भी भव्य मेला जारी रहेगा, जिसे देखते हुए मोहारा समेत आसपास क्षेत्रों से ग्रामीण के अत्याधिक संख्या में आने की संभावना है। जिससे बहुत भीड़भाड़ की स्थिति होने की संभावना है। आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे दृष्टिगत रखते सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी 4 नवंबर को शाम से 6 नवंबर की रात्रि तक के लिए जारी किया गया है।

जिसके तहत मोहारा मंडई मेला के दौरान दल्लीराजहरा की ओर से आने वाले भारी वाहन ग्राम हल्दी तिराहा से डायवर्सन होकर सुरगी-खुटेरी होते हुए नेशनल हाईवे में निकल जाएंगे। अर्जुन्दा की ओर से आने वाले वाहन सुरगी चौक से डायवर्सन होकर खुटेरी नेशनल हाईवे में निकल जाएंगे। राजनांदगांव से बालोद एवं दल्लीराजहरा की ओर जाने वाली भारी वाहन मोहारा बायपास से डायवर्सन होकर भारी वाहन डोंगरगांव, खुज्जी, जेवरतला से हेते बालोद निकल जाएंगे। इसी प्रकार छोटे चार पहिया वाहन जंगलपुर, रामपुर, सिंगारपुर चौक से होते हुए मेढ़ा, सोनेसरार, छुईखदान कमरतरा से बालोद रोड में निकल जाएंगे।

### पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित

मोहारा बायपास से डायवर्सन होकर मनकी, खुटेरी, भर्रेगांव, आरला, मोखला होते हुए सुरगी, कुम्हालोरी मार्ग से गुंडरदेही की ओर निकल जाएंगे। मोहड़ से सिंगदई की ओर आने वाले सभी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शहर की ओर से मोहारा मेला में आने वाले वाहनों का पार्किंग, पार्किंग नं. 1 नवनिर्मित समृद्धि कॉलोनी, पार्किंग नं. 2 वेयर हाउस, पार्किंग नं. 3, पार्किंग नं. 7 लक्ष्मी मार्केट में होगा। मोहड़ की ओर से आने वाले वाहनों का पार्किंग, पार्किंग नं. 6 में होगा। हल्दी की ओर से आने वाले वाहनों का पार्किंग, पार्किंग नं. 4 एवं 5 में होगा। हल्दी की ओर से आने वाले वाहनों का नदी पुल के पहले पार्किंग रहेगा।

## प्रभारी तहसीलदार के भरोसे दफ्तर, अटक रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव तहसील में प्रभारी तहसीलदार की पदस्थापना के चलते कई काम पटरी से उतर गए हैं। तहसील में काम के लिए जाने वाले पक्षकारों की माने तो डिप्टी कलेक्टर रैंक के अफसर को चार्ज दिए जाने की वजह से कई काम अटक गए हैं। इनमें निवास, जाति सहित किसानों के काम शामिल हैं। तहसील सूत्रों की माने तो तहसील में अवकाश में जाने वाले पटवारियों के स्थान में प्रभार दिया जाता रहा है, लेकिन मौजूदा समय में तहसील में अवकाश पर जाने वाले पटवारियों की जगह प्रभार नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में पटवारी से संबंधित कामों के लिए लोगों को काफी भटकना पड़ रहा है। इसकी शिकायतें भी सामने आई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व तहसीलदार मनीष वर्मा के तबादले के बाद से ही तहसीलदार के पद पर डिप्टी कलेक्टर को पदस्थ किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर में तीन से अधिक पटवारी पिछले कुछ दिनों से अवकाश पर थे। ऐसे में उनके स्थान पर प्रभार नहीं दिए जाने से उन हल्कों से संबंधित कामों पर ब्रेक लग गया है।

## रौशनी से जगमगाया गुरुद्वारा



## पीएम द्वारा प्रशंसा करने पर डॉ. रमन सिंह ने जताया आभार

# पीएम मोदी से तीन दशक पुराना रिश्ता, मैं उन्हें अपना मार्गदर्शक मानता हूं: डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एक नवंबर को राज्योत्सव एवं विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अपना परम मित्र बताते हुए उनकी प्रशंसा की। इस पर प्रतिक्रिया देते विस अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी से उनका रिश्ता तीन दशक से भी पुराना है। वे उम्र में भी सीनियर है एवं पद का दयित्व भी काफी बड़ा है। ऐसे में वे उनको अपन मार्गदर्शक के रूप में देखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी जरूरत पड़ी, उन्हें पीएम मोदी से सुझाव एवं मार्गदर्शन मिला है।

अपने पुराने दिनों को याद करते डॉ. रमन सिंह ने हरिभूमि को बताया कि पीएम मोदी जब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री थे, उस दौरान संयुक्त मध्यप्रदेश में भी उनके साथ काम करने का अवसर उन्हें मिला था। 2002 में मोदी गुजरात के सीएम बने और उसके बाद 2003 में जब डॉ. रमन सीएम बने तो छत्तीसगढ़ में शुरू की गई कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पीएम मोदी शामिल हुए। इनमें पीडीएस का शुभारंभ, बस्तर विकास की योजनाओं, दंतेवाड़ा में एजुकेशन हब के साथ ही बीजापुर में स्वास्थ्य की पहली स्कीम लांच के अवसर पर वे उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ता के रूप में बदलती रही भूमिका

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में उनकी भूमिका बदलती रही है। इसमें अटलजी की सरकार में उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिला। चुनाव में जीत हासिल करने के बाद तीन बार सीएम बनने का अवसर भी उन्हें मिला। हम सबकी भूमिका एक कार्यकर्ता की है। संगठन ने जब-जब जो भूमिका दी, उसके क्रियान्वयन को बेहतर तरीके से करना हमारी जिम्मेदारी होती है।

### 1990 में पहली बार बने विधायक

ज्ञात हो कि कवर्धा जिले में 1983 में वे पहली बार नगर पालिका में पार्षद बने थे। इसके बाद 1990 और 1993 में कवर्धा के विधायक चुने गए। इसके बाद 1999 में राजनांदगांव लोकसभा से मोतीलाल वोरा को चुनाव हराकर सांसद बने। जिसके बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया गया। 2003 में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इसी साल विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाई और 2003 से 2018 तक प्रदेश के सीएम रहे। इसके बाद 2018 से 2023 तक भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे, 2023 से वे विस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

## खबर संक्षेप


डोंगरगांव। समाधिस्थ जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका 105 श्वेत मति और आर्यिका 105 विदेह मति माता का पिच्छिका परिवर्तन समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ।

### पुर्रामटोला में सहस्त्रबाहु जयंती आज

**डोंगरगांव।** ग्राम पुर्रामटोला में कल 5 नवंबर को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू होंगे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक सिन्हा, जिला अध्यक्ष शिवशंकर सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। पश्चात 11 बजे महिलाओं का कुर्सी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता, दोपहर 1 बजे से अतिथियों का स्वागत, उद्बोधन पश्चात प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। तहसील सचिव नारायण सिन्हा ने स्वजातियों से उपस्थिति की अपील की है।

### पिपरिया मंडई आज

**मुरमुंदा।** ग्राम पिपरिया में मेला मंडाई का आयोजन कल 5 नवंबर को रखा गया है। ग्राम के नरोत्तम कंवर एवं भीखम कंवर ने बताया में रात्रि में महतारी के आसु ग्राम संसारगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने आसपास के लोगो को आने की अपील की है।

### पदाधिकारियों ने संभाला पदभार


**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बेलगांव में परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, प्रतिभा खरे, मदन मोहन साहू, अशोक दास साहू, हंसराज साहू, चुम्मन साहू, छबिल साहू, पन्ना साहू, कौशल कंवर, योगेश साहू, दिनेतु प्रकाश जांगड़े, पंच म चंदेल एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### प्रचार के लिए दल रवाना


**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने बाकीपुर विधानसभा में छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं भाजपा प्रत्याशी नितिन नवीन के चुनाव प्रचार हेतु नरेन्द्र भारती मंडल कार्यालय में बैठक लेकर जन संपर्क के लिए कार्यकर्ताओं की टोलियों को रवाना किया। इस दौरान धरमवीर पासवान, संतोष यादव, रोहित कुमार, मनोज साव, सुनीता सिन्हा, पिंकी यादव, टिंकू राज, आलोक पासवान, गुड्डू पासवान चितरंजन कुमार , चंदन कुमार जितेंद्र चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### प्रभारी से मिले भाजपाई


**डोंगरगढ़।** बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नितिन नवीन से सौजन्य भेंट कर प्रधानमंत्री के सफलतम रोड शो की बधाई दी। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, विधायक गोमती साय, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, दीपक मस्हके, अविरल सिंह, धनेश देवांगन, महेश देवांगन उपस्थित थे।

### रेस्ट हाऊस बना माल गोदाम

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग का पुराना रेस्ट हाउस ठेकेदारों का गोदाम बन गया है। यहां ठेकेदारों के वाहन, मशीन एवं मटेरियल को रखा जा रहा है। पिछले एक साल से रेस्टहाउस में वाहनों और मटेरियल को रखा जा रहा है। वहीं आसपास के लोग अपने वाहनों को रेस्ट हाऊस में खड़े करने लगे हैं। विभाग की अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय मे रहने के बजाय बाहर से आना जाना करते है। पुराने रेस्ट हाउस से लगा आफिस भी निर्धारित समय में खुलता और बंद तो होता है, किंतु अधिकारी कर्मचारी कार्यलय में रहते ही नही है। रेस्टहाउस के गेट पर पाईप भारी वाहनों की आवाजाही से जर्जर हो गया है जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका है।

### पोस्टर मेकिंग में प्रिया पटेल विजेता

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने गत दिनों रसायन विज्ञान केंद्रीय विज्ञान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवतीथी। प्रतियोगिता में 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया पटेल, द्वितीय आकृति गुप्ता तथा तृतीय स्थान नव्या गुप्ता ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन

## निधन



### विनोद कुमार मेश्राम

**डोंगरगढ़।** कालकापारा निवासी विनोद कुमार मेश्राम का निधन रामकृष्ण हास्पिटल में उपचार के दौरान हो गया है। वह काफी समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर बौद्ध समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### आदिवासी समाज के प्रमुख आए सामने

# मंदिर विवाद से आदिवासी समाज ने झाड़ा पल्ला, कहा : कुछ लोग शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और सर्व आदिवासी समाज के बीच चल रहा विवाद अब एक नया मोड़ लेता दिख रहा है। नवरात्र के दौरान पंचमी भेंट को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब संवाद और स्पष्टीकरण की दिशा में आगे बढ़ता नजर आ रहा है।

नवरात्र के पंचमी भेंट के दिन विवाद की शुरुआत तब हुई थी, जब आदिवासी समाज के कुछ सदस्यों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर शक्ति प्रदर्शन किया। पूर्व में लगाए गए समाज विशेष के ध्वज और गर्भगृह प्रवेश की घटना के बाद ट्रस्ट समिति भंग करने और 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग ने विवाद को और गहरा दिया था। आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में पंचमी भेंट में शामिल हुए राजकुमार भवानी बहादुर सिंह ने कहा था कि मां बम्लेश्वरी हमारी आराध्य देवी हैं और यह मंदिर हमारे पूर्वजों का है। इस बयान के बाद विवाद ने राजनीतिक और सामाजिक रंग लेना शुरू कर दिया था।

## पंचमी की घटना को बताया शर्मनाक

### विवाद कुछ लोगों का, समाज का नहीं

सोमवार को मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सामाजिक नेताओं ने विवाद से किनारा करते हुए कहा कि- नवरात्र में जो हुआ, वह कुछ व्यक्तियों की व्यक्तिगत हरकत थी, पूरे समाज की नहीं। इस दौरान गोंड़ समाज अध्यक्ष एवं जनजातीय गौरव समाज के प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर, कंवर समाज के आत्माराम चंद्रवंशी, भीष्म लाल उर्वशा, नीलचंद गढ़े अध्यक्ष जिला गोंडवाना समाज, पंचूराम पड़ोती और हल्बा समाज के नेपाल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। जिन्होंने स्पष्ट कहा कि मां बम्लेश्वरी देवी सभी समाजों की आराध्य हैं। मंदिर किसी जाति विशेष का नहीं। मंदिर में समाज विशेष का ध्वज लगाना अनुचित है।

### भवानी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया

गोंड़ समाज के प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट के अधीन है। ट्रस्ट पदाधिकारियों को भी गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं है। ऐसे में जबरन दरवाजा तोड़कर प्रवेश करना अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि 15 नवंबर को प्रस्तावित प्रदर्शन में किसी भी आदिवासी समाज की सहमति नहीं है। राजकुमार भवानी बहादुर सिंह को लेकर उन्होंने कहा वह स्वयं को नागवंशी गोंड़ बताते हैं, जबकि वह राजपूत वंश के हैं।

### ट्रस्ट ने की शांति की अपील

विवाद बढ़ने के बाद मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने सभी समाज प्रमुखों की बैठक बुलाकर शांति और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक के बाद एसडीएम एम. भार्गव को ज्ञापन सौंपकर मंदिर की परंपरा और गरिमा की रक्षा की

### अब निगाहें 15 नवंबर पर

फिलहाल विवाद शांत होता नजर आ रहा है, लेकिन 15 नवंबर को घोषित बंद और प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर प्रशासन सतर्क है। अब देखना होगा कि क्या यह विवाद वास्तव में समाप्ति की ओर बढ़ेगा या फिर इसका कोई नया अध्याय शुरू

### शांति और एकता का संदेश

आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका उद्देश्य मंदिर की पवित्रता, शांति और सामाजिक एकता बनाए रखना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भ्रामक प्रचार या उकसावे में न आएं, साथ ही बताया कि ट्रस्ट समिति में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि पहले से शामिल हैं और सदस्यता प्रक्रिया सभी के लिए खुली है।

# सहकारी कर्मचारी गए हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति संघ एवं धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर सहकारी कर्मचारी तीन नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने चले गए है। हड़ताल से सहकारी समितियों का काम ठप्प हो गया है।

■ समितियों का कामकाज प्रभावित

सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर महासंघ ने चार सूत्रीय मांग को तीन नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की घोषणा किया है। महासंघ के महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि चार सूत्रीय मांग के संबंध में सरकार से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। वर्ष 2024 में भी कर्मचारी संघ ने आंदोलन किया था।

राज्य सरकार ने सूखत के मामले में लिखित में दिया था कि सूखत की भरपाई सरकार करेगी लेकिन अभी तक पालन नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि समय पर धान का परिवहन नहीं होने से धान शार्टेज होता है उसकी राशि समिति के कमीशन से काट लिया जाता है जिससे कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। समिति के अन्य खर्च के लिए राशि नहीं है । समिति के ऊपर मार्कफेड की देनदारी है। प्रदेश के 2739 धान खरीदी केंद्र में कंप्यूटर ऑपरेटर की आऊट सोर्सिंग से भर्ती किया जा रहा है जो कि गलत है। कंप्यूटर ऑपरेटर लगभग 18 वर्षों से कार्यरत हैं। महासंघ की मांग है कि आऊट सोर्सिग बंद कर ऑपरेटरों को नियमित किया जाए।

कर्मचारियों के लिए मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रबंधकीय अनुदान तीन-तीन लाख समिति को देने तथा सेवा नियम संशोधन कर वेतन आदि में वृद्धि करने की मांग की गई है।

# तहसील साहू संघ के चुरामन अध्यक्ष निर्वाचित




**छुरिया।** जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन में रविवार को तहसील साहू संघ छुरिया का चुनाव संपन्न हुआ । अध्यक्ष पद पर शिकारी माहका के चुरामनदास साहू निर्वाचित हुए। चुनाव में कुल 611 मतदाताओं में से 598 ने मताधिकार का उपयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए चुरामनदास एवं भुनेश्वर साहू मैदान में थे। निर्वाचित चुरामन दास को 416 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के पुरूषोत्तम साहू को 90, बालकिशन साहू को 291 एवं श्यामसुंदर साहू को 212 मत प्राप्त हुआ । त्रिकोणीय मुकाबला में बालकिशन साहू निर्वाचित हुए। महिला उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी कुनेशवरी साहू को 346 एवं ज्योति साहू को 246 मत मिले। कुनेश्ववरी 98 मतों से विजय घोषित हुई। संगठन सचिव पद के प्रत्याशी डोरकरण साहू को 156, भोज साहू को 154, शीशुपाल साहू को 281 मत प्राप्त हुए। शीशुपाल साहू 125 मतों से विजय घोषित हुए। संगठन सचिव महिला की कविता साहू को 255, हेमकली साहू को 159 एवं हरिला साहू को 180 मत प्राप्त हुए। कविता साहू 75 मतों से निर्वाचित हुई। निर्वाचन पश्चात पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारियों ने निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर कमल किशोर साहू, भागवत साहू, नीलमणि साहू, कुलेश्वर साहू, शैलेंद्र साहू, मिलापदास साहू, शिवराम साहू, हेमंत साहू, अमरनाथ साहू, पुरुषोत्तम साहू, मदन साहू, चंद्रकुमार साहू, भारत साहू, जोधीलाल साहू, चिंताराम साहू, बनवाली साहू, हेतराम साहू, छगन साहू, चंदू साहू, भेषबाई साहू, पालन साहू, मनसुख साहू, उमेश साहू, कुमार साहू, वीरेंद्र साहू, हुकुमचंद साहू, खिलेंद्र साहू, अश्वनी कलिहारी, कामता साहू, नलेंद्र साहू, खिलेंद्र साहू, धर्मेंद्र साहू, कोमल साहू सहित अन्य

# कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपा समर्थन पत्र

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देशानुसार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने विभिन्न गांवों में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान को जनता से काफी समर्थन मिला। इस दौरान विष्णु लोधी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा लोकतंत्र की असली ताकत जनता के वोट में है। जब वोटों की चोरी होती है, तो यह केवल किसी उम्मीदवार का नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र का अपमान होता है। उन्होंने गांव-गांव जाकर किसानों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को इस अभियान से जोड़ा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नागरिकों के फार्म को श्री लोधी ने गत दिनों कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपा।



# पेड़-पौधे और नदियों में भी वास करते हैं भगवान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में मंगलवार को जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा अंतर्गत जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान से अवगत कराने पारंपरिक वेशभूषा एवं भाषा प्रतियोगिता रखा गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. हेमलता विरदी ने जनजाति समाज के आध्यात्मिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि ईश्वर मंदिर में नहीं बल्कि पेड़ पौधे नदियों में वास करते है। तत्पश्चात डॉ. संजू सिंह ने रानी दुर्गावती की जीवन गाथा एवं जंगल सफारी की स्थापना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रथम अभिनेता चेंदरू मरावी जो जनजाति समाज के थे की स्मृति में जंगल सफारी बनाया गया है। जनजातीय वेशभूषा एवं भाषा प्रतियोगिता में बीए अंतिम की छात्रा टीकेश्वरी प्रथम स्थान पर रही। बीएप्रथम सेमेस्टर की रिमझिम द्वितीय एवं बीएससी तृतीय सेमेस्टर की नोमीन तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. काव्या जैन, कंचन साहू,योगिता ठाकुर, ओम प्रकाश सहारे ,चंद्रकांत कुंभकार, हिमानी साहू, मोनीष खान, चांदनी पराते, माधुरी देवांगन उपस्थित थे।

### डस्टबीन का वितरण नहीं

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने मार्च और अप्रैल में डस्टबीन क्रय किया था किन्तु उसका अब उपयोग नहीं किया गया है। पार्षद निधि से शहर के चौक चौराहों और वार्डो में लगाने के लिए डस्टबीन की खरीदी किया गया किन्तु न तो वार्डवासियों को डस्टबीन दिया गया और न चौक चौराहों में लगाया गया हे। अगस्त में नगर पालिका के इंजीनियर भुवनलाल कौशिक ने बताया था कि डस्टबीन को धरमशाला में रखा गया है। मांग के अनुरूप डस्टबीन का उपयोग किया जा रहा है। खरीदे गए डस्टबीन का भुगतान हो गया है। वार्ड 12 के पार्षद हरिष भंडारी ने घरों में बाटने के लिए लगभग 2 लाख के डस्टबीन खरीदने की बात स्वीकार किया है।







श्री गुरुनानक
जयंती
की
लख-लख बधाईयाँ
हरजिंदर सिंग पोल्ले (समाजसेवी)
शिवलीन बिल्डकॉन, डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक
जयंती
की
लख-लख
बधाईयाँ
मास्टर
युग भाटिया
डोंगरगढ़


गुरु नानक
जयंती की
लख-लख बधाईयाँ
विनोद खांडेकर
पूर्व विधायक, डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती की
लख-लख बधाईयाँ
विनोद खांडेकर
पूर्व विधायक, डोंगरगढ़
परविंदर सिंग
(मोन्टी) डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती
की
लख-लख
बधाईयाँ
गुरुशरण सिंग
कक्कड़
डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक
जयंती
की
लख-लख बधाईयाँ
हरविंदर सिंग मगे
वरिष्ठ भाजपा नेता
डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती
की
लख-लख बधाईयाँ
समस्त सिख परिवार
डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती
की लख-लख बधाईयाँ
रमनदीप सिंग (विक्की)
डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती
की
लख-लख
बधाईयाँ
अमरदीप सिंग
भाटिया
डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती
की लख-लख बधाईयाँ
अध्यक्ष
स. परमजीत सिंग भाटिया
उपाध्यक्ष
स. जसमीत सिंग रिम्मी भाटिया
उपाध्यक्ष
स. चरणजीत सिंग कक्कड़
सचिव
स. रणदीप सिंग शम्मी भाटिया
कोषाध्यक्ष
स. हरपाल सिंग भाटिया
सह-कोषाध्यक्ष
स. जरनैल सिंग भाटिया
मुख्य सलाहकार
स. त्रिलोचन सिंग भाटिया
सह-सचिव
स. इन्द्रजीत सिंग
सह-सचिव
स. संदीप सिंग भाटिया
गुरुद्वारा, गुरु सिंग सभा, डोंगरगढ़


श्री गुरुनानक जयंती
की
लख-लख
बधाईयाँ
अनूप सिंग
भाटिया
डोंगरगढ़
Mo. 8894646464


श्री गुरुनानक
जयंती
की
लख-लख बधाईयाँ
बलविंदर
सिंग भाटिया
(विक्की)
डोंगरगढ़

## सार समाचार

### उपराष्ट्रपति का प्रवास, अध्यक्ष रमन ने लिया जायजा

**राजनांदगांव।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के कल राजनांदगांव प्रवास के दृष्टिगत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को स्टेट स्कूल मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मुख्य मंच, प्रदर्शनी स्टॉल, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, बेरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए पार्किंग, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कार्यक्रम की व्यवस्था एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और यातायात व्यवस्थाओं के संबंध जानकारी दी। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



### खेल प्रतियोगिता के लिए 8 छात्रों का चयन

**राजनांदगांव।** चतुर्थ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 नवंबर तक ओडिशा राज्य के सुंदरगढ़ में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता के ताइक्वांडो एवं कुश्ती खेल विधा में शामिल होने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री के 8 छात्रों का चयन हुआ है। चयनित छात्रों को प्रतियोगिता में शामिल होने के पूर्व रायपुर एवं बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कोचिंग कैम्प के लिए रवाना किया गया। संभाग और राज्य स्तरीय ताइक्वांडो एवं कुश्ती खेल विधा में विजयी प्रतिभागी अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय कोचिंग कैम्प में शामिल होने छात्रों के साथ विद्यालय के खेल प्रभारी साहिल दलाल तथा एस्कॉर्ट शिक्षक हितेश खत्री को रवाना किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार एवं शाला परिवार ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।



### पेंशनरों की मासिक बैठक 10 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा दिग्विजय स्टेडियम के मुख्य प्रबंधक जादवेंद्र कम्प से सौजन्य भेंट कर नवपदस्थ होने पर बधाई दी। प्रतिवर्ष पेंशनर्स को जीवित प्रमाण पत्र भरने की सुविधा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष नवंबर 2025 में भी प्रदान की जाने की मांग रखी गई। उक्ताशय का पत्र सौंपते केपी सिंह महामंत्री, संगठन सचिव राजेश कुमार रथी एवं तहसील अध्यक्ष बीटी वाल्दे उपस्थित रहे। जिला राजनांदगांव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 10 नवंबर को पेंशनर्स एसोसिएशन जिला भवन ठा. प्यारेलाल स्कूल परिसर में व्यवस्था की स्वीकृति बैंक प्रबंधक द्वारा दी गई है।



### मंदिर में तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** श्रीराम जानकी बाला बाबा मंदिर में भव्य तुलसी विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं हलधर दास वैष्णव ने बताया कि राम जानकी बाला बाबा मंदिर सोनारपारा राजनांदगांव में तुलसी विवाह कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्ण गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। तत्पश्चात आरती कर प्रसाद बांटा गया। उक्त अवसर पर देवकुमार निर्वाणी, बसंतलता निर्वाणी, उषा श्रीवास्तव, मनोज निर्वाणी, पूजा श्रीवास्तव, गोपिका निर्वाणी, नेहा यादव, रुपमति निर्वाणी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, रुपाली निर्वाणी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, विवेक निर्वाणी, मृगनयनी शर्मा, विरेन्द्र यादव, शकुन्तला परिहार, विष्णु कन्नोजे, वैभव निर्वाणी, संस्कृति नामदेव, सुभाष श्रीवास्तव, वैभवी नामदेव, भबया श्रीवास्तव, गिरिश परिहार, राघव शुक्ला, नबया शुक्ला, कृष्णा चोधरी, कैलाश चोरसिया समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी एवं हलधर दास वैष्णव ने दी।



### राज्योत्सव : नंबर प्लेट संबंधी किए जा रहे कार्य

**राजनांदगांव।** राज्योत्सव 2025 का आयोजन 2, 3 एवं 4 नवंबर को सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्युनिसिपल स्कूल मैदान) राजनांदगांव में किया जा रहा है। राज्योत्सव में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाईसेंस तथा हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट संबंधी कार्य किया जा रहा है। जिले के नागरिक स्टॉल में उपस्थित होकर लर्निंग लाईसेंस तथा हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट संबंधी कार्य करा सकते हैं।

पेज 09 का शेष

### चिखली से डायवर्सन...

खैरागढ़ की ओर से आने वाले वाहन देशमुख होटल चिखली से डायवर्सन होकर पुराना ढाबा रोड, नया ढाबा से मोतीपुर अंडरब्रिज, अम्बेडकर चौक, प्यारेलाल चौक होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल क्रमांक 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12 एवं 13 में वाहनों की पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। डोंगरगांव की ओर से आने वाले वाहन अम्बेडकर चौक, प्यारेलाल चौक, सिविल लाइन होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल क्र. 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 एवं 13 में वाहनों की पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। सोमनी की ओर से आने वाले वाहन राम दरबार से फ्लाई ओवर होते हुए आरके नगर चौक, अम्बेडकर चौक, प्यारेलाल चौक, सिविल लाइन होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल क्रं. 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12 एवं 13 में वाहनों की पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शहर में दोपहर 12 से शाम 4.30 बजे के मध्य उदयाचल हॉस्पिटल, गंज चौक, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, महावीर चौक स्टेट स्कूल, गुरूनानक चौक मार्ग में वीवीआईपी मूव्हमेंट रहेगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए इस मार्ग का कम से कम उपयोग करें।

## बे-मौसम बारिश से फसलों का नुकसान, मांगा मुआवजा और बीमा राशि

# जिले के हजारों किसान धान की बालियां लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट

### किसानों ने की फसल सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में बे-मौसम बारिश से फसलों के भारी नुकसान से किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। जिले के दर्जनों गांवों से हजारों किसान धान की बालियां अपने हाथों में लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। विधायक यशोदा वर्मा और किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष देवराज किशोर दास के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और फसल नुकसान का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा देने की मांग की। लगभग घंटे भर तक कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन के चलते मुख्य मार्ग जाम की स्थिति में रहा। किसानों ने कहा कि हाल की बे मौसम बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है जिन खेतों की फसल कट चुकी थी, वे पूरी तरह सड़ गईं, जबकि खड़ी फसलें गिरकर खराब हो गईं। उनका कहना था कि अब फसल न बेचने लायक है और न खाने लायक। खेतों से खराब धान लेकर आए हैं ताकि प्रशासन को सच्चाई दिखा सके। शासन-प्रशासन को खुद खेतों में जाकर सर्वे करना चाहिए और नुकसान का सही आकलन कर मुआवजा व बीमा राशि तुरंत देना चाहिए।



#### नेताओं ने सेंका हाथ

असमय बारिश से फसल नुकसानी के चलते जिले के अलग अलग गॉवों से रोज किसान जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा अधिकारियों को बता रहे है आज भी ऐसा ही कुछ कार्यक्रम तय था, लेकिन किसानों के जिला मुख्यालय पहुंचते ही कतिपय नेता खादी पहनकर कलेक्टारेट पहुंच गए जहॉ एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू और अविनाश ठाकुर की समझाइश बाद ज्ञापन देकर वापस लौटने वाले किसानों के रहनुमा बन गए और माहौल को एग्रेसिव कर दिया जिसके चलते पुलिस प्रशासन को भी घंटो मशक्कत करनी पड़ी। विधायक यशोदा वर्मा और हर्षिता गोस्वामी बघेल के अलावा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के आधा दर्जन गॉव के ग्रामीणों से अलग अलग बात की और आश्वस्त किया कि बीमा कंपनी, राजस्व व कृषि विभाग के कर्मचारी सर्वे कर रहे है, नुकसानी आधार पर प्रकरण तैयार कर मुआवजा दिया जाएगा।

#### सरकार को फिक्र नहीं

असमय बारिश से किसान चिंतित है, लेकिन सरकार को किसानों की कोई फिक्र नही है। 15 नवंबर से धान खरीदी चालू होने से पहले खेतों का सर्वे करे और मुआवजा तय करे। फसल खराब होने से किसान कर्ज अदायगी को लेकर चिंतित है। कर्ज माफी के साथ बीमा राशि का त्वरित भुगतान से ही काफी हद तक राहत मिलेगी।

**- यशोदा वर्मा,** विधायक

#### प्रदर्शन कर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

किसानों ने कहा कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पाया, ऊपर से बारिश ने रही सही उम्मीद भी तोड़ दी। अधिकांश किसान कर्ज में डूबे हुए हैं और अब उन्हें राहत की जरूरत है। प्रदर्शन जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि अगर शीघ्र सर्वे और मुआवजा नहीं मिला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर ने बेमौसम बारिश से खराब फसलों का तीन दिनों के भीतर सर्वे कराने और क्षति का नियमानुसार भुगतान का आश्वासन दिया जिसके बाद किसान वापस लौटे। इस दौरान नीलांबर वर्मा, चंद्रभूषण यदु, मनराखन देवांगन, सज्जाक खान, सूर्यकांत यादव, दीपक देवांगन, आरती यादव, रविंद्र सिंह, नदीम मेमन, सहित बड़ी संख्या मे किसान मौजूद थे।

## टमाटर से सॉस और केचअप बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम (रावे) के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में टमाटर से सॉस और केचअप बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में ग्राम गोपालपुर की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रायोगिक तरीके से टमाटर से सॉस एवं केचअप बनाने की विधि सिखाई गई। छात्रों ने टमाटरों की छंटाई, धुलाई, उबालना, पीसना, मसाले मिलाना, संरक्षक डालना और बोतलबंदी तक की पूरी प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया। साथ ही यह भी बताया गया कि टमाटर से मूल्य संवर्धन करके सॉस, केचअप के अलावा चटनी, पाउडर, अचार और ड्राई टमाटर जैसे विभिन्न उत्पाद बनाए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में डॉ. अजीत पात्रे ने बताया कि टमाटर का अधिक उत्पादन होता है और बाजार भाव गिर जाता है, तब इन उत्पादों को बनाकर लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है और जरूरत पड़ने पर ऊंचे दामों पर बेचा जा सकता है। इसलिए टमाटर का मूल्य संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह विधि सभी कृषकों को अपनाना चाहिए, जिससे बाजार भाव की जोखिम कम की जा सकती है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय छुईखदान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार नंदनवार, रावे कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सेवक ढेंगे तथा डॉ. अजीत पात्रे का विशेष योगदान रहा।

### मंडई मेला का आयोजन आज

**तुमडीबोड़।** ग्राम कोपेडीह में हनुमान मंदिर के पास कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 5 नवंबर को मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए फूल मोगरा नाच पार्टी ग्राम बामी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के कोमल साहू, टेलनसिंग वर्मा ने यह जानकारी देते हुए अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित होंगे नीरज



**राजनांदगांव।** नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संचालक नीरज बाजपेयी को राजधानी रायपुर के रजत महोत्सव अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के हाथों प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य राजनेता व मंत्रीगण की उपस्थिति में राज्य अलंकरण समारोह अंतर्गत दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना होना था, शासकीय जमीन तो थी, पर एप्रोच रोड नहीं होने से यह अन्य शहर जा रहा था, जब इस बात की जानकारी बाजपेयी परिवार को लगी तो नीरज बाजपेयी अपने पिता द्वारिकानाथ बाजपेयी और परिवारजनों पुष्पा बाजपेयी, प्रीतक बाजपेयी, नवनीत बाजपेयी, वीरक बाजपेयी के साथ मिलकर त्वरित निर्णय लेते राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रस्तावित कॉलेज गेट तक 60 फीट चौड़ी 1600 फीट लंबी बेशकीमती 2.15 एकड़ जमीन शासन को दान कर दी। इसी प्रकार कोविड संकटकालीन करोनाकाल के दौरान नीरज बाजपेयी द्वारा अपने बोरी स्थित नीरज वाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल को 74 बेड का कोविड हॉस्पिटल बनाया गया था। इस दौरान जिन बच्चों के माता-पिता दोनों या दोनों में से कोई एक दुनिया में नहीं रहे, उन बच्चों की 50 प्रतिशत फीस माफ कर अपने विद्यालय में शिक्षा देने का निर्णय, शासन के निर्णय से पूर्व लेकर बच्चों को लाभांवित करना प्रारंभ कर दिया गया था। सेना व पुलिस परिवार के शहीदों के बच्चों को कई वर्षों से 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक फीस में छूट देते हुए शिक्षा प्रदाय किया जा रहा है।

## संत नामदेव की जयंती धूमधाम से मनी

### शोभायात्रा में सजे नन्हें बच्चे रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर में इस वर्ष संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ मनाई गई। समाज द्वारा सुबह से ही उत्साह के साथ शुरू की गईं तैयारियां देर शाम तक धार्मिक उत्साह में बदल गईं, जिसने पूरे नगर को भक्ति के रंग में रंग दिया।

जयंती समारोह का मुख्य आकर्षण शोभायात्रा रही, जो पंडरिया वार्ड 1 से शुरू होकर कृष्ण मंदिर वार्ड 5 तक गई। शोभायात्रा में संत नामदेव की प्रतीकात्मक रथ को विशेष रूप से सजाया गया था। संत नामदेव की वेशभूषा में तैयार नन्हे बच्चे, रथ पर रखे तैल चित्र के पास बिठाए गए, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह अन्य समाज की महिलाओं ने भी श्रीफल चढ़ाकर संत नामदेव की पूजा-अर्चना की, जो अंतर-सामाजिक सद्भाव का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। सामाजिक बंधुओं ने इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी भी की।



#### पड़ोसी जिलों के लोगों की रही उपस्थिति

इस जयंती समारोह ने गंडई नामदेव समाज की एकजुटता के साथ-साथ प्रांतीय एकता का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कवर्धा, बिलासपुर, बेमेतरा और साल्हेवारा जैसे पड़ोसी जिलों के सामाजिक बंधु विशेष रूप से उपस्थित हुए, जिन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान बेमेतरा से पहुंचे अटल नामदेव ने गंडई समाज को बेमेतरा में होने जा रहे संत नामदेव जयंती उत्सव में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया, जहां उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे।

#### धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम

सुबह 12 बजे नामदेव मंच में भगवान सत्यनारायण की कथा और पूजा का आयोजन किया गया। शाम को राम मंदिर में आयोजित मंचीय कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। समाज की 6 बेटियों ने मिलकर संत नामदेव, भगवान विट्ठल और अन्य देवी-देवताओं की सुंदर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों और महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन बुजुर्ग सम्मान समारोह, संत नामदेव के जीवन पर प्रेरक भाषणों और कविताओं के साथ हुआ। प्रतिभागियों को उपहार दिए गए, जिसके बाद सामुदायिक भोज के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## अवैध रूप से शराब की बिक्री, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं आम जगह पर शराब पीने-पिलाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 4 नवंबर को ग्राम गठुला-भेड़ीकला रोड के पास बिक्री हेतु अवैध शराब रखने संबंध में सूचना के आधार पर आरोपी संजय नेताम 32 साल बोईरडीह के कब्जे से 18 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती 1440 रुपए बरामद होने पर जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया। इसी प्रकार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 4 नवंबर को लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर आरोपी नासिर हुसैन उर्फ नब्बु 48 साल को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

#### आम जगह पर शराब सेवन

इसी प्रकार 3 नवंबर की रात्रि गठुला मेन रोड विक्की चिल्ली के पास आम जगह पर शराब पीने वाले आरोपी महावीर मंडावी 30 साल ग्राम गठुला के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट एवं टीकम होटल के पास विक्की चिकन चिल्ली सेंटर ग्राम गठुला में शराब पीने वालों को सुविधा मुहैया कराने वाले आरोपी विकास चंद्रवंशी 24 साल गठुला के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया।

## सहसपुर दल्ली में मनाया दीपावली मिलन



**राजनांदगांव।** सहसपुर दल्ली क्षेत्र के शिकारीटोला में छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव जयंती एवं सामाजिक दिवाली मिलन समारोह क्षेत्रीय स्तर मनाया गया। राउत नाचा के साथ कलश यात्रा ग्राम में भ्रमण किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि किरण विनोद बारले व अध्यक्षता दीनदयाल सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि दीपक सिन्हा, शीला टाकेश सिन्हा, अनीता सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा, भगवती प्रसाद सिन्हा, शिवराज, प्रेमलाल सिन्हा समेत अन्य लोग शामिल थे।

## डिजिटल व्यवसाय एवं सहकारी खरीदी की दी गई जानकारी

**राजनांदगांव।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्वसहायता समूहों (एसएचजी) एवं पारंपरिक कारीगरों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल से जोड़ने तथा उनके उत्पादों की पहुंच राष्ट्रीय बाजार तक बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगाव में रैम्प योजना अंतर्गत एक दिवसीय जेम पोर्टल प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर खरीदी प्रणाली से जोड़ा जा सकता है। जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय उद्यमियों को स्थायी बाजार मिलेगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सानू वर्गीस ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार समस्त विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीदी अब जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। उद्यमियों और संस्थाओं के लिए इस प्लेटफॉर्म की समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। प्रबंधक सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि रैम्प योजना अंतर्गत एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी बनाने जिले में उद्यमिता संवर्धन, डिजिटल मार्केटिंग एवं वित्तीय पहुंच से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) रायपुर के मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी ने प्रतिभागियों को पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग निर्माण, मूल्य निर्धारण, ऑर्डर निष्पादन तथा एमएसएमई इकाइयों के लिए उपलब्ध लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से जेम पोर्टल पर उत्पाद अपलोड एवं खरीदी प्रक्रिया भी प्रदर्शित की। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, महिला उद्यमी, स्वसहायता समूह सदस्य, पारंपरिक कारीगर व सुकमा, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के व्यापारी उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव में शिक्षा विभाग की नवाचारपूर्ण प्रस्तुति बनी आकर्षण का केंद्र



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 से 4 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। तीन दिनों तक आयोजित इस सांस्कृतिक उत्सव में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकनृत्य, गीत-संगीत और राज्य की परंपराओं की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से लगाए गए नवाचार प्रदर्शनी स्टॉल ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। विभाग द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मॉडल, एवी (ऑडियो-वीडियो) प्रस्तुतियां और नवीन शिक्षण नवाचारों ने आगंतुकों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, डाइट के अधिकारीगण सहित शिक्षा विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थें। सभी ने मिलकर स्टॉल को एक प्रेरणादायी शैक्षिक मंच का रूप दिया। विशेष उल्लेखनीय रहा शिक्षिका विधि तिवारी का योगदान, जिन्होंने अपने अनूठे ध्यान और मेडिटेशन मॉडल तथा पुस्तक ध्यान विधि एकाग्रता बढ़ाने की ट्रेनिंग के माध्यम से शिक्षा में आंतरिक जन-जागरूकता और एकाग्रता के महत्व को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और शिक्षकों के बीच गहरी रुचि उत्पन्न की। इस प्रदर्शनी में नवाचार और रचनात्मकता का संगम देखने को मिला, जिसने शिक्षा विभाग की दूरदर्शी सोच और नई तकनीक से जुड़ाव को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का यह राज्योत्सव न केवल सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक बना, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, ध्यान और भारतीय ज्ञान परंपरा को एक नए स्वरूप में प्रस्तुत करने का माध्यम भी बना।

### तीन दिवसीय बाल कौशल प्रतियोगिता संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र ग्राम बदना में तीन दिवसीय बाल कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के युवा समाजसेवी अशोक मरावी शामिल हुए। इस संकुल स्तरीय आयोजन में लगभग 12 प्राथमिक स्कूल व 2 पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं इस आयोजन में भाग लिया। इस तीन दिवसीय बाल कौशल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी व मां सरस्वती के छाया चित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। अशोक मरावी ने कहा कि खेल मनुष्य के सर्वांगीण विकास का आधार है यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक हैं। इसी प्रकार सांस्कृतिक प्रतियोगिता बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ाती हैं। इस खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रमेश मरावी जनपद प्रतिनिधि, अध्यक्षता शंकर यादव सरपंच, ललित मरावी, नरेश, उदेश, फिरतू यादव, संकुल समन्वयक चंद्रप्रकाश राजपूत एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### संकुल स्तरीय बैठक में सहा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एस राजपूत ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत खड़ौदा कला में संकुल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सहा विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेखरसिंह राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और आगामी रणनीति पर विचार विमर्श करना था। जिसमें मुख्य रूप से बैठक में सहा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री राजपूत ने संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की प्रगति, बच्चों की नियमित उपस्थिति और शिक्षक डायरी के नियमित संधारण, युक्तियुक्तकरण विद्यालय का एकीकरण, अपार आईडी पर जोर दिया। योजनाओं पर चर्चा करते हुए मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र, बनाने जैसे बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। उन्होने संकुल प्रभारी, संकुल समन्वयक और प्रधान पाठकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। संकुल बैठकें शिक्षकों को नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को साझा करने और चुनौतियों का समाधान खोजने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने शिक्षकों के पेशेवर विकास को प्राथमिकता देने पर बल दिया। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी शिक्षक संकुल आगामी माह में विशेष कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे, जिसका उद्देश्य शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के उपयोग को बढ़ाना और मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना होगा।

**कार्यक्रम : स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी**

# राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत व अनुराग शर्मा के मधुर आवाज ने दर्शकों का मन मोहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन का सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम संगीत और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा। जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित आचार्य पंथ श्री गृथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने अपनी मधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। उनकी एक के बाद एक सुरीली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनुराग शर्मा ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और आधुनिक संगीत का अनोखा संगम पेश करते हुए कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीतों की श्रृंखला शुरू की मैदान में मौजूद दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के साथ झूम उठे। हर गीत के साथ दर्शकों के उमंग और उत्साह में नई ऊर्जा का संचार होता गया। अनुराग शर्मा ने अपने सुरीले स्वर और मधुर धुनों से ऐसा वातावरण बनाया कि दर्शक देर रात तक झूमते रहे। अनुराग शर्मा का संगीत छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनके द्वारा गाए गए लोकप्रिय गीत जैसे गीत कोनों गांहू गोरी, तोर सुरता मा, मेरा भोला है भंडारी और जय जय जय बजरंगबली ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन गीतों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोककला और जीवनशैली की सजीव झलक मिलती है। उनकी आवाज की सहजता, मिठास और भावनात्मक गहराई हर आयु वर्ग के श्रोताओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। राज्योत्सव की इस संध्या में जब श्री शर्मा ने मंच संभाला, तो पूरा मैदान तालियों की गूंज से भर गया। उनकी गायकी ने लोकसंगीत की आत्मा को आधुनिक संगीत के साथ जोड़ते हुए एक अनोखा संगम रचा। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साथ-साथ हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। राज्योत्सव की इस संगीतमय संध्या में नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी सहित जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, नगरवासी एवं बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित थें।

### बांसगीत की प्रस्तुति से मंच पर छत्तीसगढ़ का समृद्ध विरासत हुआ जीवंत

यादव समाज का पारंपरिक बांस गीत जो अब बहुधा सुनाई नहीं देता है उसकी जीवंत प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों ने राज्योत्सव के मंच पर दी। जय बाबा भोरमदेव बास गीत पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ कलाकारों की संगत से श्रोताओं को पीढ़ियों से चले आ रहे कला रूप को सुनने और जानने का मौका मिला।

### नरसिंह अवतार की नृत्यनाटिका ने दर्शकों को किया रोमांचित

राज्योत्सव के दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा नरसिंह अवतार की रोमांचक प्रस्तुति दी। नरसिंह अवतार धर्म और न्याय का प्रतीक है और माना जाता है। भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने और अहंकारी दैत्य हिरण्यकशिपु का वध करने के लिए यह अवतार लिया था। कलाकारों ने इस पूरे प्रसंग को मंच पर अपने नृत्य और अभिनय कौशल से शानदार तरीके से प्रदर्शित किया।

### गीत-संगीत से सजे इस कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

राज्योत्सव के दूसरे दिन बोड़ला के लोक कलाकार चुम्मन साहू ने भावपूर्ण जस गीत पियर पियर तोर जावरा और गौरा-गौरी गीत की प्रस्तुति देकर मंच को भक्ति और लोक रंग से भर दिया। उनकी मधुर आवाज में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, आस्था और परंपरा की गूंज सुनाई दी। दर्शक गीतों की लय और भाव में ऐसे खो गए कि पूरा परिसर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण से गूंज उठा।

### सरगम टीचर्स ग्रुप महेश सिंह ठाकुर एवं साथी की फिल्मी गीतों से महका शमा

राज्योत्सव के दूसरे दिन सरगम टीचर्स ग्रुप के महेश सिंह ठाकुर एवं साथियों ने अपनी मधुर आवाज से माहौल को संगीत के रंगों में रंग दिया। मेरी जिंदगानी है मेरी महबूबा, जाने जा ढूंढता फिर रहा जैसे मशहूर गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। उनकी मधुर आवाज और सजीव प्रस्तुति ने श्रोताओं के मन को उस दौर में पहुंचा दिया जहां गीत सिर्फ सुने नहीं जाते, महसूस किए जाते हैं।

## गुरुकुल स्कूल में गुरु नानक जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने सदा ही अपने सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विशेष सभा का आयोजन भी किया जाता है। विभिन्न महापुरुषों की जयंतियां मनाई जाती है। जिससे विद्यार्थीगण उनसे प्रेरित हो सकें। इसी कड़ी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अवतरित सिक्ख धर्म के प्रवर्तक गुरु नानक देव महाराज की जयंती पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शबद कीर्तन पाठ किया गया। संगीत की मधुर धारा ने विद्यालय परिषर को आप्लावित कर सभी श्रोताओं एवं दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। जिसमे कक्षा 10वीं-11वीं की छात्र छात्राओं ने गुरु नानक देव महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके लोक जन-कल्याणकारी सेवा भाव को रेखांकित किया। इस आयोजन पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी गण एवं प्रभारी प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त किया और सभी को गुरु नानक देव जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जसजीत प्रतियोगिता में कुम्ही मानस मंडली प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत कुण्डा में मां महामाया बोल बम समिति द्वारा काली उत्सव, संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं जसजीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दीपावली के पावन अवसर पर मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा द्वारा श्री हरि मंदिर कुण्डा में काली उत्सव एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन एवं जसगीत प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमद्भागवत कथा व्यास आचार्य नूतन शर्मा, परायणकर्ता प शुभम शर्मा, ग्रामाचार्य अंकित शर्मा एवं मुख्ययजमान श्रीमती नीतू अशोक चंद्राकर विराजमान है। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान किया। इस प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के लगभग 30 ग्रामों के मानस मण्डलियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

जिसमें जसजीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्राम कुम्ही मण्डली रहे। इस जसजीत प्रतियोगिता में मण्डललियो के लिए उपहार स्वरूप प्रथम पुरस्कार 11 हजार रु स्व. बालमुकुंद चंद्रवंशी के स्मृति में रामकुमार निधि चंद्राकर द्वारा दी गई, द्वितीय पुरस्कार 7100 रूपए स्व. विनोद यादव के स्मृति में पिलाराम यादव, तृतीय पुरस्कार 5100 रूपए स्व. सुखी मेहरा संतोष मेहरा के स्मृति में संजू मेहरा, चतुर्थ पुरस्कार 3100 रूपए बोल बम समिति कुण्डा द्वारा व पंचम पुरस्कार 2100 रुपए स्व. नकुल पाण्डेय के स्मृति में मोनू पाण्डेय तथा छठवां पुरस्कार 2100 रूपए पंच भूपेंद्र चंद्राकर, चैतन्य सोनी द्वारा दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान ग्राम कुम्ही मानस मंडली, दूसरा सेमरा पारा जिला मुंगेली मानस मंडली, तीसरा घोघरा मानस मंडली, चौथा सावंतपुर महिला मण्डली, पांचवां कान्हाभैरा मानस मंडली तथा छठवां सुखातल महिला मण्डली का चयन किया गया।

इस दौरान रामकुमार, निधि चंद्राकर, पिलाराम यादव, संजू मेहरा, बोल बम समिति मोनू पाण्डेय, एवं भूपेंद्र चंद्राकर, चैतन्य सोनी उपस्थित थें। साथ ही साथ कार्यक्रम में सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, पंच भूपेंद्र चंद्राकर, वागीश चंद्राकर, भागवत साहू, चैतन्य सोनी तथा प्रभात फेरी मण्डली, बजरंग दल सहित बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामवासी व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

## मोहतरा कला में बन रहा भव्य अटल उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला में भव्य व आकर्षक धार्मिक अटल उद्यान गार्डन मोहतरा कला सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी द्वारा अद्वितीय गार्डन का निर्माण कार्य शुरू किया गया जो कि यह गार्डन ऐसा स्वरूप ले रहा है कि प्रवेश करते ही आगंतुकों को रामलीला, कृष्णलीला, गीता के श्लोक, भगवान शंकर, माता काली, गणेश, सरस्वती, लक्ष्मी तथा ब्रह्मा, विष्णु और महेश की सुंदर मूर्तियों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।



सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी ने बताया कि इस धार्मिक व अटल उद्यान गार्डन निर्माण का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को धर्म, संस्कृति और मानवता के भाव से जोड़ना है। जब गांव धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से मजबूत होगा, तो उसकी सामाजिक एकता और भी गहरी होगी। जिस पर भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के डारेक्टर व राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलबीर विश्वकर्मा, प्रभात विश्वकर्मा, कमलेश साहू, समेलाल वर्मा, राजकिशोर निर्माण कार्य व सहयोग दे रहे है। क्षेत्र धामिक अटल उद्यान निर्माण कार्य होने से गांव के रहवासियों में बेहद उत्साह व उमंग का महौल बना हुआ हैं।

ग्रामीण रहवासी महेश निर्मलकर ने बताया कि गांव में ऐसा कार्य पहली बार हो रहा है कि सरपंच के सराहनीय पहल से पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा है। यह गार्डन न सिर्फ धार्मिक स्थल बनेगा बल्कि बच्चों के लिए सीखने और बुजुर्गों के लिए शांति का स्थान भी होगा। ग्रामीणों के सहयोग और सरपंच की पहल से मोहतरा कला में जल्द ही धार्मिक और कलात्मक सौंदर्य का नया केंद्र बनने जा रहा है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/सिनेमा लायसेंस/01/2025/9025
कवर्धा, दिनांक 04/11/2025

प्रारूप "ख"
छत्तीसगढ़ सिनेमा (विनियमन) नियम, 1972 के नियम 4 के अधीन सूचना

आवेदक श्री पंकज अग्रवाल आत्मज भागवत प्रसाद अग्रवाल, आयु 48 वर्ष निवासी मकान नंबर 06. वार्ड नंबर 26, रायपुर मार्ग, तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम में अपने निजी स्वामित्व की भूमि श्री पंकज अग्रवाल की भूमि पर जो कि खसरा नंबर 863/6 रकबा 0.121 हेक्टेयर, आईडीबीआई बैंक रायपुर रोड, कवर्धा, प.ह.न. 13. तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम की है। उक्त भूमि/खसरा नंबर व रकबा पर स्थायी सिनेमा (रॉयल मल्टी सिनेमा) लगाने के संबंध में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने के लिए मुझे आवेदन किया है।

अतएव स्थायी सिनेमा अनुज्ञप्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, कबीरधाम के कक्ष कमांक 22 (लायसेंस शाखा) में दिनाक 18-11-2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 04-11-2025 को इस कार्यालय के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांकः- 04-11-2025
दावा आपत्ति की अंतिम तिथिः- 18-11-2025

मुहर

गोपाल वर्मा (I.A.S.)
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला कबीरधाम

**श्री शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़**

# जो धर्म के अनुसार चले वो धार्मिक है धर्माचरण से सुख मिलता है: पं. आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वेद श्रीवास्तव के निवास में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि जो धर्म के अनुसार चले वो धार्मिक है। धर्माचरण से सभी प्रकार का सुख मिलता है। अधर्म पाप करने से दुःख मिलता है, धर्म क्या है वेद भगवान ने जो कहा है जो वेदों के अनुकूल है वो धर्म है। अज्ञान और द्वैत के कारण क्रोध उत्पन्न होता है यह नरक का द्वार है ऋषियों ने पूंछा कि शिवलिंग के कितने प्रकार हैं तब सूत जी ने बताया गया कि पांच प्रकार के होते हैं पहला स्वयं भू शिवलिंग जो बड़े बड़े ऋषियों के तप से नाद रुप में प्रकट होते हैं, बिन्दु लिंग साधक साधना के लिए मंत्र रुप में जो बिन्दु बनाकर अपने हाथ से लिखकर आराधना करते हैं वो बिन्दु लिंग है। चर जो साधक अपने शरीर को शिवलिंग मानते हैं वो चर लिंग है, प्रतिष्ठित साधक सिद्धि के लिए मूर्ति बनाते हैं वो प्रतिष्ठित लिंग है, गुरु लिंग गुरु को शिवलिंग के रुप में पूजन करते हैं। कलियुग में पार्थिव लिंग की विशेष महिमा है बहुत अधिक पुण्य मिलता है। सतयुग में रत्नों के लिंग, त्रेता में सोने के शिवलिंग, द्वापरयुग में जैसे पुरियों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही समस्त शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग श्रेष्ठ है। जिससे सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। विद्या प्राप्ति के लिए एक हजार पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, धन प्राप्ति के लिए पांच सौ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, वहीं पुत्र प्राप्ति के लिए डेढ़ हजार पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें तथा मोक्ष प्राप्ति के लिए एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें और लक्ष्मी प्राप्ति के लिए कमल बिल्वपत्र, शतपत्र और खड़ा चावल से पार्थिव शिवलिंग की पूजन करें, शीघ्र धन प्राप्ति के लिए एक लाख की ये संख्या में कमल, शतपत्र आदि से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, राज्य प्राप्ति के लिए दस करोड़ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, आयु प्राप्ति के लिए दुर्वा से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, भोग और मोक्ष प्राप्ति के लिए तुलसी से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, प्रताप के लिए श्वेत अर्क मंदार, अपामार्ग से, रोग और शत्रु दूर करने जपाकुसुम से मुक्ति के लिए शमीपत्र, अन्न के लिए यूथिका, सम्पत्ति व वस्त्र के लिए कनेर से पूजन करें। वंश वृद्धि के लिए घी से शिव जी का अभिषेक करें, बुद्धि के लिए मिठे दूध से, उच्चाटन व कलह दूर करने दूध से, शत्रुभय से बचने तेल से, भोग सामग्री वृद्धि सुगंधित तेल, शत्रुनाश के लिए सरसों के तेल से, भोग व मोक्ष प्राप्ति के लिए गंगा जल से शिव जी का अभिषेक करना चाहिए। कुबेर जैसे बनने के लिए शिव जी के मंदिर में दीप दान करें दीपक जलाएं प्रकाशित करें शिवालयों को।

HEALTH TOWN

**आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक**

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** बैगा आदिवासियों को बिजली नहीं, खराब बैटरी बनी मुसीबत

# अंधेर नगरी में सरप्लस राज्य का सच, बगैर बिजली के कट रहा जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

एक ओर छत्तीसगढ़ खुद को सरप्लस बिजली वाला राज्य बताता है, वहीं दूसरी ओर पंडरिया ब्लाक के सुदूर वनांचल में निवास करने वाली विशेष और संरक्षित बैगा जनजाति आज भी घोर अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर है।

ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा और इसके आश्रित गांव पकरीपानी, सरहापथरा, अजवाइन बाह, मराडबरा में बिजली के खंभे नहीं पहुंचे हैं, और जो सौर ऊर्जा की आस थी, उसकी बैटरी भी खराब पड़ी है। इन हालातों में इन वनवासियों की जिंदगी रात के अंधेरे में कट रही है। जानकारी के मुताबिक इन आदिवासी बहुल गांवों में सौर ऊर्जा के लिए भवन तो बने हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें पर्याप्त बिजली की लाइन नहीं मिलती। तेलियापानी लेदरा के ग्रामीण सुधू, रेतु, इतवारी, दीपा बाई, अघनू आदि ने बताया कि मुश्किल से आधा घंटा रोशनी मिलती है और फिर पूरी रात अंधेरे में काटनी पड़ती है।

बताया जाता है कि पड़ोसी राज्य के सीमावर्ती गांव दादर टोला में बिजली है, किंतु छत्तीसगढ़ के हमारे गांवो में अभी तक बिजली का अता पता नहीं है!जबकि हमने कई बार आवेदन दिया, पर आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं लगी। ग्रामीणों के अनुसार 105 घरों वाले तेलियापानी लेदरा के सिर्फ 12 घरों में ही सोलर प्लेट लगी है बाकी घरों में यह सुविधा भी नहीं है। वहीं अन्य आश्रित गांवों जैसे मराडबरा, पकरीपानी, सरहा पथरा, और अजवाइन बाह को सामुहिक प्लेट वितरण की सूची में नाम नहीं होने के कारण सोलर वितरण से वंचित रखा गया है।





### क्रेडा विभाग की लापरवाही, खराब बैटरी बनी अड़चन

सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है कि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा वर्षों से यहां के प्लेट और बैटरी को बदला नहीं गया है। ऑपरेटर का कहना है कि खराब बैटरी को इसलिए नहीं ले जाया जा सकता, क्योंकि उसके बदले में नई बैटरी नहीं आई है। यह प्रशासनिक उदासीनता, बैगा समुदाय के लिए दोहरी मार साबित हो रही है।

### वनांचल में जंगली हाथियों के खतरे के बीच अंधेरा

बिजली न होने से ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि इस क्षेत्र में पिछले कुछ सालों से हाथियों का आना-जाना भी शुरू हो गया है। अंधेरी रात में हाथियों के उत्पात और जान-माल के खतरे के बीच, ग्रामीण भय के साये में जीने को मजबूर हैं। एक ओर सरकारें अक्षय ऊर्जा और हर घर बिजली की बात करती हैं, वहीं इन सुदूर वनांचलों में रहने वाले देश के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की उपेक्षा, विकास के दावों पर एक बड़ा सवालिया निशान लगाती है।



## 31 प्रतिमाओं के साथ मां काली का किया गया विसर्जन

■ नगर में निकाली गई समिति के द्वारा भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई के स्थानीय गुप्ता धर्मशाला में शिवांगनी डाक बम समिति के द्वारा गत 24 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक नवदिवसीय श्री गणेश पंचायतन हवनात्मक अनुष्ठान यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत जहां मां काली की भव्य विशाल व मनमोहक प्रतिमा के साथ विभिन्न देवी देवताओं की 31 प्रतिमाएं स्थापित की गई थी वहीं पूरे कार्यक्रम के दौरान हवन, पूजन, आरती, जस गीत की धूम रही। इस आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी कड़ी में मंगलवार को आयोजन के समापन उपरांत मां काली के साथ 31 प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकली गई। यह शोभा यात्रा गुप्ता धर्मशाला से लेकर भव्य आतिशबाजी, जस गीत के साथ प्रारंभ होकर पूरे नगर भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग से स्थानीय नगर के प्रसिद्ध तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां काली को नम आंखों से विदाई दी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### लायंस क्लब ने आदिवासी छात्रों को बांटा कंबल

**कवर्धा।** लायंस क्लब ने आज मंगलवार 4 नवंबर को वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित शहीद वीरनारायण सिंह बालक छात्रावास के 25 आदिवासी बच्चों को कंबल और फल वितरित किए। ज्ञात हो कि नगर के अभावग्रस्त मोहल्ले देवार पारा स्थित इस आवास में 2018 से पूर्व भारतमाता अस्पताल चलाया जाता था, जहाँ नगर के कई प्रमुख डॉक्टर अलग अलग दिनों में अपनी सेवाएं देते थे। विधायक चुने जाने से पहले राज्य के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी यहां हर शनिवार को निःशुल्क सेवाएं देते रहे हैं। कोरोना काल के बाद इस आवास को आदिवासी छात्रावास में तब्दील कर दिया गया। आज के कार्यक्रम में भाजपा और आरएसएस के समर्पित कार्यकर्ता-नेता हरीश लूनिया मुख्य अतिथि थे।

### निधन

#### ओंकार प्रसाद गुप्ता



**कोदवागोडान।** समीपस्थ ग्राम दुल्लापुर बाजार के प्रतिष्ठित नागरिक और पूर्व उपसरपंच ओंकार प्रसाद गुप्ता का कल रात 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लकवा से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। आज स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों, ग्रामीणों और परिजनों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## बार्डर को छूकर हाथी निकल गए, दहशत बाकी

### जिले के सीमावर्ती गांवों में हाथियों की धमक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती वनांचल क्षेत्रों में हाथियों का आतंक एक बार फिर लौट आया है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्राम अमहादादर में पांच हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कई केले के पेड़ तबाह कर दिए। पड़ोसी राज्य स्थित फेन अभ्यारण्य से आए इन हाथियों के दल ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी, जिससे ग्रामीण छतों पर रतजगा करने को मजबूर हो गए। जानकारी के अनुसार यद्यपि हाथियों का यह दल छत्तीसगढ़ की सीमा में तो प्रवेश नहीं कर पाया है किंतु दोनों राज्यों की सीमा पर स्थित तेलियापानी, तिनगडडा के करीब से गुजरते हुए बजाग की ओर बढ़ गया। जिसके चलते छत्तीसगढ़ का वन अमला भी अलर्ट मोड पर आ गया है। बताया गया कि हाथियों की चाल तेज थी और वे लगातार चलते जा रहे हैं। धान की कटाई का समय चल रहा है, ऐसे में हाथियों की आमद को लेकर वनांचल के किसानों की चिंता बढ़ गई है।

#### वन विभाग की टीम सक्रिय, निगरानी जारी

वन अमले के अनुसार इस दल में चार बड़े हाथी और एक बच्चा शामिल है। यह झुंड संभवतः अपने पुराने रास्ते से कन्हा केसली की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पंडरिया वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सुयेश धर दिवान ने बताया की टीम रुखमीदादर और पंडरीपानी क्षेत्र में सतत निगरानी कर रही है। ओर गांवो में मुनादी की गई है पिछले दो महीने पहले भी एक भटका हुआ हाथी यहां पहुंचा था, जिसे ग्रामीणों ने शोर और फटाकों की आवाज से बिना किसी नुकसान के वापस जंगल की ओर भगा दिया था। वन विभाग से मिली ताजा जानकारी के अनुसार अभी हाथी मध्यप्रदेश के धुरसी दादर और पंडरीपानी के बीच स्थित महर्षि जंगल में विचरण कर रहा है। फिलहाल हाथियों के छत्तीसगढ़ की सीमा से बाहर होने की खबर से राहत तो मिली है, लेकिन उनका रुख कब इधर हो जाए कहा नहीं जा सकता। इसलिए वन विभाग लगातार गश्त कर रहा है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

## राज्योत्सव में गायक राजीव केशरी ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राज्योत्सव 2025 का दूसरा दिन कवर्धा में उत्साह और उमंग से भरपूर रहा। नगर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य राज्योत्सव समारोह में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच पर आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जहां दर्शकों को रोमांचित किया, वहीं स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे शहर के प्रसिद्ध गायक एवं स्वर संवेदना ग्रुप के राजीव केशरी। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज़ में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और लोकप्रिय फिल्मी गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। राजीव केशरी ने छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की महक से भरपूर गीतों के साथ-साथ आधुनिक गीतों के माध्यम से भी समरसता का संदेश दिया। राजीव केशरी और उनकी टीम ने चना के दार राजा छत्तीसगढ़िया जैसे गीतों से लोगों के मन को छू लिया, वहीं पार्श्व गीत भोले ओ भोले, दिल में हों तुम आंखों में तुम, तेरे मेरे बीच में कैसा है ये बंधन, सोचेंगे तुम्हे प्यार, याद आ रहा है तेरा प्यार जैसे फिल्मी गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शक मोबाइल फ्लैशलाइट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। राज्योत्सव कार्यक्रम में शहर सहित जिलेभर से लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, वरिष्ठ नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे सभी ने एक साथ छत्तीसगढ़ के गौरव और सांस्कृतिक विरासत का आनंद लिया। आयोजन समिति ने मंच, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन की उत्तम व्यवस्था की थी। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को सम्मानित किया गया और राजीव केशरी सहित स्वर संवेदना ग्रुप को मंच से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कवर्धा में हुए इस संगीतमय राज्योत्सव की गूंज देर रात तक शहर की फिजाओं में सुनाई देती रही।

## पर्यटन गाइड ट्रेनिंग दल इंदौर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के चिल्फी घाटी क्षेत्र से पर्यटन विकास की दिशा में एक नई पहल की गई है। यहां से 6 सदस्यीय टीम पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए ग्वालियर (मप्र) रवाना हुई। यह टीम 3 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलने वाले 30 दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होंगे। यह विशेष प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और भारतीय पर्यटन व यात्रा प्रबंधन संस्थान ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। टीम में अनिल देशमुख, लोकेन्द्र प्रसाद यदु, सोमनाथ, देवसिंह, तारे और भानु माग्रे शामिल हैं। 3 नवंबर को प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई है। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 45 प्रतिभागी शामिल हुए।

### उपलब्धि...



**बोड़ला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोड़ला की 8 प्रतिभाशाली बेटियों की लगन, मेहनत और शानदार खेल प्रतिमा की बदौलत 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में चयन।

**रात में अधीक्षक गायब, छात्रावासों में चपरासियों का राज, प्रशासन बेपरवाह**

## बोड़ला बालक छात्रावास में नाबालिगों से कराई जा रही मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के बोड़ला विकासखंड में संचालित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में जिम्मेदारों की लापरवाही और संवेदनहीनता खुलकर सामने आई है। जहां बच्चों को शिक्षा और सुरक्षा देने का दावा किया जाता है, वहीं हकीकत यह है कि छोटे-छोटे छात्र खुद सब्जियों के थैले ढो रहे हैं जबकि छात्रावास अधीक्षक रात में कभी छात्रावास में रुकते तक नहीं है।

बताया जाता है कि बोड़ला बाजार में 15 से 20 नाबालिग छात्र सब्जियों से भरे थैले उठाकर करीब एक किलो मीटर दूर अपने छात्रावास तक ले जा रहे थे। इस दौरान छात्र रायपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और बोड़ला बायपास पार करते नजर आए। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस मार्ग में चौबिसों घंटे भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि चपरासी वहीं खड़ा बच्चों को आदेश दे रहा था, जबकि वह खुद हाथ पर हाथ धरे तमाशा देखता रहा। जब अधीक्षक से इस बारे में पूछा गया तो उनका चौंकाने वाला जवाब आया। उन्होने कहा कि बच्चे बाजार जाएंगे, और इतने ही जाएंगे। अर्थात, बच्चों से बाजार के भारी काम करवाना अब नियम बन चुका है। जब इस पूरे मामले की जानकारी सहायक आयुक्त पटेल को दी गई तो उन्होंने भी अधीक्षक से मिलकर बात कर लो कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि छात्रावास चपरासियों के भरोसे चल रहे हैं। यहां न अनुशासन है, न सुरक्षा व्यवस्था। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि अगर जल्द ही जिला प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। छात्रों की सुरक्षा और सम्मान की बात करने वाले अधिकारी आज खुद चुप हैं, जबकि मासूम बच्चे रोज प्रशासनिक लापरवाही की कीमत चुका रहे हैं।

## हौसलों की उड़ानः कस्तूरबा विद्यालय की बेटी पहुंची राष्ट्रीय स्तर तक, बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोड़ला की 8 प्रतिभाशाली बेटियों ने 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में शामिल हुई है।

अधीक्षिका श्रीमती ललिता तारा अनंत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय कि बेटी. सरिता मेरावी सीनियर कबड्डी महासमुंद, हेमलता मेरावी सब जूनियर हॉकी रायपुर, आरती निषाद जूनियर हॉकी कोरबा, रिया नेताम अंडर-14 वर्ष व किशोरी मरकाम अंडर 17 वर्ष कराते बिलासपुर, चंद्रिका मेरावी व होमनी श्रीवास जूनियर कबड्डी गौरेला पेंड्रा मरवाही में अपन साहस लगन, मेहनत और खेल कौशल के उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। इस 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में किशोरी मरकाम अंडर -17 वर्ष कराते बिलासपुर में आपनी श्रेष्ठता प्रदर्शित कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर राट्रीय स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है। उन्होने बताया कि छात्रा की यह उपलब्धि विद्यालय परिवार एवं जिले के लिए गर्व का विषय है।

इसी प्रकार छात्रा भूमिका परते का सीनियर खो-खो राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जो 6 नवम्बर से कांकेर जिले में अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेगी।इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय छात्राओं की कड़ी मेहनत के साथ-साथ खो-खो, कबड्डी खेल प्रशिक्षक मोहन धुर्वे, कराते प्रशिक्षक मनीष निषाद एवं प्रीति आडिले, हॉकी प्रशिक्षक हिमांशु चंद्रवंशी को जाता है। विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती ललिता तारा अनंत ने बेटियों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर वनांचल क्षेत्र की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं।

ये बेटियां परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।